तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026

12 डिप्टी कलेक्टर प्राची ने बालिकाओं के साथ किया न्योता भोज...



10 नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार ...





## खबर संक्षेप

### तिलोदा में 21 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी जेल दाखिल



**गुण्डरदेही।** ग्राम तिलोदा के गोकुल प्रसाद देशलहरे के मकान से 45 नग पौवा शोले देशी मदिरा प्लेन, 42 नग पौव शोले देशी मदिरा मशाला, 8 नग पौव विदेशी मदिरा गोवा स्पेशल, 6 नग बोतल सिम्बा प्राइड बियर कुल मात्र 21 लीटर मदिरा को जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क), के तहत अजमानतीय अपराध कायम कर आरोपी को जेल भेज दिया गया। प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक जागेश्वर सिंह दाउ ने कहा कि शराब विक्रेताओं, तस्करों और निर्माताओं के विरुद्ध आबकारी विभाग की यह कार्यवाही सतत रुप से जारी रहेगी। इस छापामार कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी समिधा पाण्डेय, आबकारी उपनिरीक्षक आशाराम शाक्य, प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक जागेश्वर सिंह दाउ, आबकारी मुख्य आरक्षक झगऊ राम नेताम, तेजेंद्रनाथ मंडल, आबकारी आरक्षक राकेश देशमुख का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद/निकुम।** अर्जुंदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गब्दी में सुने घर में 27 वर्ष के अजय सिन्हा ने बेडरुम में फांसी लगाकर कर आत्म हत्या कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। वह टेंट व्यवसाई व खेती किसानी का काम करता था, घटना के समय उसकी पत्नी व डेढ़ साल की बच्चे व मां गांव में हो रहे धार्मिक आयोजन में गए थे, अर्जुन्दा पुलिस को सूचना मिलते ही मर्ग कायम कर पीएम कराकर पुलिस विवेचना में जुटी है।

### कुसुमकसा में ग्राम बनगांव की सड़क निर्माण का भूमिपूजन हुआ

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा भाजपा मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत दानीटोला के आश्रित ग्राम बनगॉव में जिला खनिज न्यास मद से 9 लाख 37 हजार रुपयों की लागत से सीमेंटीकरण सड़क निर्माण का भूमि पूजन बूथ अध्यक्ष उत्तम के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा ने कहा भाजपा की पूंजी भाजपा का कार्यकर्ता है। इस लिए कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए कुसुमकसा मंडल मे जो भी विकास कार्य का भूमि पुजन होगा उस ग्राम के बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी के हाथो ही भूमिपूजन कार्य का किया जाएगा। इस भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा मंडल के उपाध्यक्ष हितेश साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमेश ▶▶| शेष पेज 10

# मुख्यमंत्री निवास में कृषि मंत्री शिवराज सिंह और सीएम साय ने की 'जन जागरण अभियान' की समीक्षा की

## ग्रामीण क्षेत्रों में 'चौपाल' लगाकर सीधा संवाद किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रायपुर मुख्यमंत्री निवास में वीबी जी राम जी जन जागरण अभियान के प्रदेश संयोजक एवं महामंत्री यशवंत जैन ने देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को मिलकर वीबी रामजी जन जागरण अभियान को लेकर पार्टी संगठन द्वारा एवं पंचायत विकास विभाग द्वारा किए जा रहे जन जागरण के प्रयास एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत की।

यशवंत जैन ने बताया भाजपा संगठन द्वारा इस अभियान को लेकर प्रत्येक जिला मुख्यालय में बड़े जिला सम्मेलन संपन्न किया जा चुके हैं, जिसमें प्रदेश के सभी सांसद विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की, वही फरवरी सभी मंडलों में सम्मेलन आयोजित किए



जाएंगे और गांव स्तर पर चौपाल आयोजित किए जाएंगे, पंचायत विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष ग्राम सभा आयोजित कर इस अधिनियम की जानकारी एवं इसके लाभ से आम ग्रामीण जनों को अवगत कराया गया।

यशवंत जैन ने बताया 11772 ग्राम पंचायतों, 20363 गांवों के 7 लाख 63 हजार लोगों तक इस योजना के बारे में जानकारी पहुंचाई गई। इस योजना को जिसको लेकर प्रदेश में किसानों एवं श्रमिकों में उत्साह का वातावरण है कि गांव में रोजगार के साथ गांव की आवश्यकता और विकास के अनुरूप कार्य भी होंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने भाजपा संगठन एवं सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर राज्य के कृषि मंत्री राम विचार नेताम एवं स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव उपस्थित थे।

### कार्रवाई: तोतों की तस्करी करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार, अवैध लकड़ी से लदे वाहन जब्त

# वन मंडल की वन्यप्राणी शिकार और अवैध परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा/डौडी/डौंडीलोहारा





वन मंडल बालोद अंतर्गत वन अपराधों पर निरंतर सख्त कार्यवाही जारी है। वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अवैध परिवहन, अवैध आरामिल संचालन, वन्यप्राणी शिकार एवं वन्यप्राणी पक्षी विक्रय जैसे मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 2026 को वन परिक्षेत्र अधिकारी दल्लीराजहरा को दूरभाष के माध्यम से गुप्ता चौक दल्लीराजहरा में वन्यप्राणी तोता विक्रय की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वन अमला द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कनेश्वरी बाई (वार्ड 21) एवं जमुना बाई (वार्ड 04) द्वारा वन्यप्राणी तोता विक्रय करते पाया गया। मौके से 09 नग तोता एवं 02 नग पिंजरा जप्त कर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। इसी प्रकार 28 जनवरी 2026 को वन परिक्षेत्र डौण्डीलोहारा अंतर्गत प्राप्त शिकायत के आधार पर साहू सा मिल, चिल्हाटीकला परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 19-एच-9654 में मिश्रित प्रजाति के कहुआ, हल्दू, मुण्ढी, महुआ, तेन्दू सहित अन्य काष्ठ भरा पाया गया। परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वाहन एवं काष्ठ को जप्त कर वन अपराध दर्ज किया गया। साथ ही अवैध व्यापार एवं अवैध संग्रहण में संलिप्त आरामिल परिसर से औजार भी जप्त किए गए।

वन मंडलाधिकारी ने बताया कि 27 जनवरी 2026 को वन परिक्षेत्र डौण्डी के वन अमले द्वारा आमाडुला से डौण्डी मुख्य मार्ग पर बीट गश्त के दौरान शाम 7 बजे टाटा माजदा 1109 एच ई एक्स 2, वाहन क्रमांक सी जी 07-ए वाई -2381 को रोका गया। वाहन चालक ओमप्रकाश, ग्राम बोरगहन द्वारा बिना किसी वैध कागजात के लगभग 04 चट्टा मिश्रित जलाऊ खोड़ का अवैध परिवहन किया जा रहा था। इस पर वन उपज अभिवहन अनुज्ञा 2001 के तहत जप्ती कर वन अपराध दर्ज किया गया।

# महिला रसोइया रूखमणि की आंदोलन के दौरान हुई सेहत खराब, घर में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ ग्रामीणों और रसोइया संघ में शोक की लहर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मिड-डे मील योजना के तहत कार्यरत महिला रसोइयों का अपनी मांगों को लेकर कई दिनों से चल रहे आंदोलन में शामिल होकर स्वास्थ्य ठीक ना होने पर वापस ग्राम कुसुमकसा ग्राम आई कुसुमकसा के महिला रसोइये की उपचार के दरम्यान मौत हो गई , मौत हो जाने से ग्राम सहित रसोइया संघ में शोक की लहर दौड़ गई है ,

मिली जानकारी अनुसार मृतक रसोइया रूखमणि सिन्हा रायपुर में छत्तीसगढ़ स्कूल मिड-डे मील यूनियन के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर राजधानी में लगातार हो रहे प्रदर्शन में शामिल होने 20 जनवरी को शामिल होने गई थी। लगातार तीन दिन धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिया व स्वास्थ्य अनुकूल ना होने पर 23जनवरी को अपने घर कुसुमकसा आ गई थी जहां स्वास्थ खराब होता देख उपचार हेतु 24 जनवरी को जिला अस्पताल बालोद में भर्ती कराया गया ,जिसके बाद उचित उपचार हेतु मेडिकल कालेज राजनांदगांव रेफर किया गया जहां उपचार के दरम्यान मौत हो गई। रसोइया संघ के सदस्यों व ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मृतक रूखमणि सिन्हा के परिजन को उचित मुआवजा दिए जाने व लड़के को रोजगार दिए जाने की मांग की है। गोरतलब है की छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले हजारों रसोइयों की मांग है कि 66 रुपये प्रतिदिन से बढ़ाकर 400 रुपये किया जाए। आंदोलनकारियों में लगभग 95 प्रतिशत ▶▶| शेष पेज 10 पर

## धान खरीदी में अव्यवस्था

# विधायक संगीता ने सनौद केन्द्र पर धरना देकर किया किसानों का समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ किसानों की टोकन समस्या और रकबा समर्पण विवाद

किसानों को धान विक्रय के लिए टोकन नही मिलने, उनसे रकबा समर्पण कराने व किसानो को हो रही परेशानी हो देखते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने सनौद धान खरीदी केन्द्र के सामने धरना दिया।

विधायक के हस्तक्षेप के बाद उन 26 किसानो का टोकन काटा गया, जिनका कथित तौर पर रकबा समर्पण करा दिया गया था। विकासखण्ड में धान खरीदी के अंतिम चरण में किसानो की परेशानी बढ़ गई है। किसान टोकन नही मिलने एवं धान का सत्यापन नही होने से अशंकित है। किसानो को आशंका है कि समय पर टोकन नही मिला एवं धान का भौतिक सत्यापन नही हुआ तो वे धान विक्रय से वंचित रह जाएंगे। इधर धान खरीदी केन्द्र सनौद मे 26 किसानो ने अपने बचत धान की समिति द्वारा खरीदी नही कर उसका समर्पित करने की शिकायत विधायक संगीता सिन्हा से की। किसानो की समस्या को देख संगीता सिन्हा कार्यकर्ताओ के साथ सनौद खरीदी केन्द्र पहुंची। जहां समिति ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। उसके बाद विधायक संगीता सिन्हा ने जिम्मेदार अधिकारियो से चर्चा की एवं सभी किसानो का धान खरीदने की बात कही। मामले मे पहल होता न देख विधायक वही धरना देकर बैठ गई। उनके साथ किसान व कांग्रेस कार्यकर्ता भी धरना पर बैठ गए।

तहसीलदार हनुमंत ने खरीदी केन्द्र पहुंचकर विधायक से चर्चा की एवं किसानो की समस्या सुनकर उसका समाधान किया। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा धान खरीदी को मात्र 3 दिन शेश है, सरकार किसानो का धान खरीदने के स्थान पर उनसे जबरिया रकबा समर्पण करा रही है। सरकार धान खरीदी कार्य में असफल साबित हुई है। भाजपा सरकार की धान खरीदी की अव्यवस्था ▶▶| शेष पेज 10 पर

## देशभर के प्रतिष्ठित विद्वान, शिक्षाविद् व शोधार्थी होंगे शामिल

# शैलदेवी कालेज में त्रि-दिनी दीक्षा, दर्शन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती जी का पावन सान्निध्य में कार्यक्रम



शैलदेवी महाविद्यालय अंडा जिला–दुर्ग, छत्तीसगढ़ में 29 से 31 जनवरी तक सनातन धर्म के सर्वोच्च, सर्वमान्य एवं सार्वभौम धर्मगुरु, ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ, पुरीपीठाधीश्वर, अनन्त श्रीविभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती जी महाराज के पावन सान्निध्य में त्रि-दिवसीय दीक्षा, दर्शन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय "भारतीय ज्ञान परम्परा : विज्ञान और वेदान्त का संवाद" है, जो समकालीन शैक्षणिक, बौद्धिक एवं दार्शनिक विमर्श के लिए अत्यंत प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण है।

इस संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय ज्ञान-परंपरा की वैज्ञानिक चेतना, वैदिक–वेदान्तिक दृष्टि तथा आधुनिक विज्ञान के मध्य संवाद को स्थापित करना है, जिससे शिक्षा, शोध, समाज और राष्ट्र को एक समन्वित, संतुलित और मूल्य-आधारित दिशा प्राप्त हो सके। इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य अतिथि - प्रो. संजय तिवारी, कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग विशिष्ट वक्ता- प्रो. अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर डॉ. संदीप अवस्थी, शिक्षाविद,प्रोफेसर,अध्यक्ष, हिंदी और शिक्षा विभाग, बी यू विश्विद्यालय, राजस्थान संपादक, अंतरराष्ट्रीय शोध जर्नल नव अन्वेषक। डॉ. उत्तम द्विवेदी, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, रीवा डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, शासकीय कमलादेवी राठी महिला पी.जी. कॉलेज, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ सहित देशभर से अनेक प्रतिष्ठित विद्वान, शिक्षाविद् एवं शोधार्थी संगोष्ठी में सहभागिता करते हुए शोध-पत्र वाचन करेंगे। इस आयोजन की सर्वाधिक विशेषता यह है कि यह संगोष्ठी जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी श्री निश्चलानन्द सरस्वती महाराज के पावन सान्निध्य में सम्पन्न होगी। उनके दिव्य दर्शन, दीक्षा एवं वैचारिक मार्गदर्शन से यह आयोजन केवल अकादमिक न रहकर आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रबोधात्मक महोत्सव का स्वरूप ग्रहण करेगा। शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा द्वारा आयोजित यह त्रि-दिवसीय कार्यक्रम भारतीय ज्ञान-परंपरा के संरक्षण, संवर्धन और आधुनिक संदर्भों में पुनर्प्रतिष्ठा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह आयोजन विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं समाज के लिए चिंतन, आत्मबोध और वैचारिक संवाद का दुर्लभ अवसर प्रदान करेगा। शैलदेवी महाविद्यालय आयोजन समिति समस्त शिक्षाविदों ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### डिप्टी कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों की मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम साल्हे के कृषक अशोक कुमार, नकुल एवं बरातुराम तथा ग्राम अंगारी के कृषक अंजली डडसेना, ग्राम चरवाही निवासी दिलीप कुमार साहू, नया पारा बालोद निवासी देभुराम साहू सहित जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे आवेदकों ने अपने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

### बालोद में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ



**बालोद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार–प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्यामलाल नवरत्न के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भारती कुलदीप, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी ने 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक शाला बालोद में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश हिरा सिन्हा उपस्थित थे। उक्त शिविर मे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा संचालित योजनाएं जागृति योजना 2025, डॉन योजना 2025, आशा योजना 2025, संवाद योजना 2025, सखी वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005, एफआइआर दर्ज कराने की प्रक्रिया, निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा एवं नालसा का टोलफ्री नंबर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान दी गई।

### जिले में गिरते भू-जल स्तर के बीच फसल विविधीकरण और जल संरक्षण पर जोर दिया

**बालोद।** जिले में गिरते भू–जल स्तर और गहराते जल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा फसल विविधीकरण और जल संरक्षण की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि गिरते भूजल स्तर के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड 'क्रिटिकल जोन' में शामिल है। जहां पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जल संरक्षण व फसल परिवर्तन के उद्देश्य से वर्ष 2025–26 में रबी फसल हेतु गेंहू 1456 क्विंटल, चना 2145 क्विंटल, मटर 32.40 क्विंटल, मसूर 85 क्विंटल, उड़द 31 क्विंटल, तिवड़ा 82 क्विंटल, कुसुम 24.60 क्विंटल, सरसों बीज 53.36 क्विंटल बीजों का वितरण कराया गया है। इसी तरह ग्रीष्मकाल में दलहन फसल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले के विकासखण्ड गुरूर में उड़द 40 क्विंटल, मूंग 12 क्विंटल, डौण्डी में उड़द 10 क्विंटल एवं डौण्डीलोहारा में उड़द 10 क्विंटल, मूंग बीज 4 क्विंटल विकासखण्डों के कार्यालयों में उपलब्ध है। उन्होंने किसानों से अपील कि है कि वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालयों से संपर्क कर उड़द, मूंग फसलों का बीज क्रय कर ग्रीष्मकाल में दलहन फसलों की बुआई एवं बीज उत्पादन कार्यक्रम अन्तर्गत बोए गए रकबे का शतप्रतिशत पंजीयन करें।

## प्रदेश भर से पहुंचे जिला अध्यक्ष और सामाजिक जनों की उपस्थिति में सामाजिक सगोष्ठी

# संत समागम गौरैया मेला महोत्सव में सामाजिक सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संत गुरु घासीदास मंदिर प्रांगण में संत समागम गौरैया मेला महोत्सव की अवसर पर सामाजिक सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम होंगे।

संत गुरु घासीदास मंदिर प्रबंध समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय संत समागम मेला महोत्सव का आयोजन 31 जनवरी व 1 फरवरी को किया गया है, जिसमें प्रथम दिवस 31 जनवरी को जिले के ग्रामीण अध्यक्ष भंडारी छारीदार का सम्मेलन व सम्मान होंगे तथा जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी परिचय सम्मेलन के साथ में प्रदेश भर से पहुंचे जिला अध्यक्ष व प्रदेश के सामाजिक जनों की उपस्थिति में प्रदेश स्तरीय सामाजिक सगोष्ठी होगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज महंत डोमन लाल कोसेवाड़ा होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले करेंगे। प्रमुख अतिथि राधे श्याम बारले, डॉ उषा बारले, महापौर चरोदा भिलाई निर्मल कोसरे, अध्यक्ष जिला सतनामी समाज गरियाबंद हेमंत सॉन्ग, अध्यक्ष सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई बीएल कुर्रे, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ कमल कुर्रे, अध्यक्ष जिला सतनामी समाज कांकेर अमृतलाल मौर्य, अध्यक्ष जिला सतनामी समाज खैरागढ़ खुमान देशलहरा, अध्यक्ष जिला सतनामी समाज मानपुर मोहला

**प्रदेश स्तरीय सामाजिक सगोष्ठी**

समिति के संरक्षक संजय बारले ने बताया की दोनों दिवस मेला में पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारा की व्यवस्था हमारे समिति द्वारा किया जाता है, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति के उपाध्यक्ष संदीप जोशी, दीपक बघेल, सचिव संजय जोशी, महासचिव जीवन बंदे, कोशाअध्यक्ष समारु टंडन, सहसचिव भानु प्रताप टंडन, सदस्य महावीर चंदेल, रवि टंडन, देवलाल कुर्रे, सुदामा, जगन्नाथ सोनवानी, केशव सिरमौर, आकालू चतुर्वेदी, विजय बघेल, राकेश्वर जोशी के साथ सभी पदाधिकारी व सदस्य कार्यक्रम की तैयारी कर रहे है।

डॉक्टर बलराम चेलक, अध्यक्ष सतनामी आश्रम समिति दुर्ग चंद्रशेखर बंजारे, जिला अध्यक्ष सतनामी समाज राजनंदगांव युवराज डीडी, वरिष्ठ समाज सेवी राजनंदगांव संजय कुर्रे, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बालोद टीनेश्वर बघेल, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोना देवी देशलहरा, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष अजा प्रकोष्ठ बालोद मालती संदीप जोशी, उपाध्यक्ष सतनामी आश्रम समिति दुर्ग अंबा देवी मारकंडे, बसपा जिला अध्यक्ष बालोद अशोक आदिल, पूर्व जिला अध्यक्ष सतनामी समाज बालोद विजय बघेल सहित सभी तहसील के अध्यक्ष, पदाधिकारी की उपस्थिति में सामाजिक सम्मेलन वह सतनाम ध्वज का अनावरण किया जाएगा। रात्रि 10 बजे से सांस्—तिक कार्यक्रम लोग छाया की प्रस्तुति होगी 1 फरवरी को सामाजिक समरसता सम्मान व समापन समारोह होंगे, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक गुंडरदेही कुंवर सिंह निषाद होंगे। अध्यक्षता अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे करेंगे। विशिष्ट तिथि जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा जीवन बंदे, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही नीतीश मोंटी यादव, अध्यक्ष भाजपा मंडल गुण्डरदेही युवराज मारकंडे, सरपंच ग्राम पंचायत चौरेल पूजा यादव होंगे। द्वितीय दिवस सतनाम रत्न सम्मान व सामाजिक समरसता सम्मान प्रदान किया जाएगा। जिसमें उत्कृष्ट सामाजिक चेतना सम्मान समाज सेवी दल्लीराजझरा टीएस अजगले, जिला गौरव सम्मान जिला पंचायत सदस्य बालोद कांति सोनेश्वरी, उत्कृष्ट युवा सम्मान चित्रंश, मिनीमाता सम्मान श्यामा बाई मारकंडे, सरपंच कर्मवीर सम्मान लक्ष्मण नौरंगा, एएसआई पंथी कला रत्न सम्मान पुरानी चेलक, पंथी कलाकार साहित्य चेतना सम्मान बुटू दास पुणे, साहित्यकार देवनारायण नगरिया, साहित्यकार उत्कृष्ट कृषक सम्मान जगन्नाथ सोनवानी, प्रशासनिक सेवा सम्मान विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौण्डीलोहारा प्रवीन चतुर्वेदी, शिक्षा रत्न सम्मान व्याख्याता कन्हैयालाल, शिक्षा सम्मान पढ़ाई के क्षेत्र में डॉक्टर सतीश बारले, सामाजिक समरसता सम्मान सरपंच ईरागुड़ा दिलेश्वरी निषाद, सरपंच चौरेल पूजा यादव, सरपंच रुद् निशा रोहित मारकंडे, सरपंच गोड़ेला वगिस बंजारे, सरपंच सिकोसा प्रीतम ठाकुर, सरपंच डंडेरा थलेश सिंह सिन्हा, समाजसेवी कुरदी कृष्ण कुमार चंद्राकर, समाजसेवी रविंद्र परख, समाजसेवी विनय साहू, जनपद सदस्य आसिफ गहलोत सम्मानित होंगे।

दोपहर 12 बजे से सतनाम भजन समय शास्त्री जी तिल्दा नेवरा भाटापारा की प्रस्तुति होगी। संत गुरु घासीदास मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पवन जोशी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाबा जी के संदेश को जनजन तक पहुंचाना और सामाजिक समरसता का संदेश देना जिले भर के ग्रामीण अध्यक्ष भंडारी छाड़ीदार का सम्मेलन सम्मान यह हमारे समाज का प्रमुख कडी है, इससे हमारे समाज का संचालन होता है, समाज को संगठित करके रखने में उनके मुख्य भूमिका रहती है, एकता के साथ मिलकर समाज को संगठित करना हम सब का मुख्य उद्देश्य है।

## डौंडीलोहारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया छेरछेरा पर्व एवं गणतंत्र दिवस पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

आदिवासी कॉलोनी डौंडीलोहारा वार्ड क्रमांक 15 में परंपरागत छेरछेरा पर्व एवं 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। 24 जनवरी को छेरछेरा पर्व के अवसर पर कॉलोनी परिसर में पूजा-अर्चना कर परंपरागत रूप से पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलोनीवासियों की सहभागिता रही तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि द्वारा कॉलोनी में पेयजल समस्या को देखते हुए बोर खनन कराए जाने का आश्वासन भी दिया गया, जिससे कॉलोनीवासियों में संतोष एवं खुशी का माहौल रहा। इसी क्रम में 26 जनवरी को प्रातः 7:30 बजे कॉलोनी में 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, महिलाएं, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे और सभी ने संविधान के प्रति निष्ठा व्यक्त की। दोनों आयोजनों के सफल आयोजन से कॉलोनी में सामाजिक एकता एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

## राजभवन में गणतंत्र दिवस का भव्य अभिनंदन समारोहः राज्यपाल रमेन डेका से मिले रेड क्रॉस चेयरमैन तोमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के आमंत्रण पर चेयरमेन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी तोमन साहू सायंकाल राज्यपाल निवास लोक भवन में आयोजित गणतंत्र दिवस अभिनंदन समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल से रेड क्रॉस सोसायटी के संबंध में चर्चा की।

समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस और कई अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। समृद्ध दीदी से समृद्ध राष्ट्र अभियान के तहत छत्तीसगढ़ की 6 लखपति दीदियां भी इस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। तोमन साहू ने बताया कि उन्होंने राज्यपाल के साथ रेड क्रॉस सोसायटी के कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी समाज के वंचित वर्गों के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्यपाल का समर्थन और मार्गदर्शन हमें इस दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं और अन्य गणमान्य नागरिकों से मुलाकात की।

## नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर ने किया कार्यभार ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के कांग्रेस भवन में मंगलवार को नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सहित विभिन्न नौ मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष का पदभार ग्रहण समारोह विधायक अनिला भेड़िया जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों को अपने नए दायित्व के निर्वहन हेतु शुभकामनाएं दी गई। विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि नव नियुक्त पदाधिकारियों के साथ कार्य करना है।

संगठन में एकता का बड़ा ही महत्व है। पार्टी के एकता के कारण जिले में कांग्रेस के तीन विधायक है।नव नियुक्त अध्यक्ष अनुभवी है उनके अनुभव का लाभ लेना है। कार्यकर्ता के सुख दुःख में साथ खड़ा रहना है।हम सबका साथ नए पदाधिकारियों के साथ है। संगठन से मिले जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा संगठन सृजन के तहत नव नियुक्त पदाधिकारियों का चयन किया गया है।ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से जो नई जिम्मेदारी मिली है। उसका ईमानदारी से पालन करते हुए संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करेंगे। पूर्व मंडी अध्यक्ष भोला देशमुख ने कहा कि संगठन चलाने के लिए पदाधिकारी की जरूरत होती है। जिला महामंत्री हस्तीमल सांखला ने कहा नव नियुक्त जिलाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में पुनः कांग्रेस का परचम लहराएंगे। गंगाराम देशमुख ने कहा कि वर्तमान शासन से किसान साथी परेशान हैं। नव नियुक्त अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर ने नव नियुक्त मंडल के अध्यक्ष किशोर दीवान डौंडीलोहारा मंडल, मेघनाथ साहू चिल्हाटी कला मंडल ,लोकनाथ निषाद दुधली मंडल,गणेश राम रात्रे रेंगाडबरी मंडल,झुमुक परसाई मंगचुआ मंडल,दिलीप कुमार बघेल भंवरमरा मंडल,महेश कुमार तारम गैजी मंडल,नेतराम भांडेकर संजारी मंडल,भाव सिंग ओंटी कोड़ेकसा मंडल को कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर व पुष्प हार से स्वागत अभिनंदन किया।ताराचंद लोढ़ा,गोविन्द चंद्राकर,प्रेमचंद जैन,संजय गुप्ता, प्रकाश शर्मा,छबीला सिन्हा,विद्या शर्मा, दामेश्वर देशमुख,केशव शर्मा, एम आर भंडारी, भूपेंद्र साहू, डोमेंद्र साहसी, कमलेश टांक, सुरेश सांखला, राकेश सांखला,विकास लोढ़ा, जुगरु बघेल, रवि साहू, थानसिंह, गुलाब भंसाली, पोषण जोशी, शिव भजन साहू, मो इसहाक खान, बलराम चंद्राकर, देव नारायण भंडारी, दुष्यंत चंद्राकर, जालंधर, गिलेश घोंसले, चुम्मन भंडारी, कुंडेश्वर ठाकुर, चेतन राणा, सेवक राम सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय मर्रा के अधिकारी तरुण सम्मानित



■ कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

**जामगांव आर।** संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय मर्रा में सेवारत परिक्षेत्र विस्तार अधिकारी तरुण चंद्राकर को उत्कृष्ट कार्यों के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ कपिलदेव दीपक भी उपस्थित रहे। तरुण चंद्राकर स्वगऍय कृष्ण कुमार चन्द्राकर माता स्व तुलेशवरी चन्द्राकर ग्राम जोरातराई भाठागाँव आर निवासी है। इस सम्मान से कृषि महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने तरुण चंद्राकर के प्रति हर्श व्यक्त किए। महाविद्यालय मर्रा के अधिष्ठाता डॉ अनिल वर्मा ने तरुण चंद्राकर की कर्मठता की सराहना के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने तरुण चंद्राकर के उत्दृष्ट कार्यों का सम्मान कर कर्मठ कार्यशैली के लिए अधिकारी कर्मचारियों को प्रेरित किया है। विश्वविद्यालय के इस प्रोत्साहन प्रक्रिया से महाविद्यालयों में सेवारत सभी लोगों की कार्य के प्रति कर्मठ बढ़ेगी और उम्दा कार्य का लाभ सीधे विधार्थियो और आम जनता को मिलेगी। सम्मान कर्मठता की प्रेरणा में महती भूमिका निभाती है। तरुण चंद्राकर ने सभी शुभ चिंतकों का आभार व्यक्त किया।

## सुनियोजित वन्यजीव शिकार का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ मांस के नमूने हैदराबाद प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजे गए

वन परिक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ-195, उरेटा से सिरपुर मार्ग के जंगल में वन्यजीव शिकार के एक गंभीर मामले का खुलासा हुआ है। इस प्रकरण में समीप के ग्राम उरेटा निवासी शत्रुघ्न हल्वा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि इस अवैध शिकार में उसके साथ 14 अन्य लोग भी शामिल थे, जिनकी तलाश में वन विभाग की टीम जुटी हुई है।

घटना रविवार की देर शाम की बताई जा रही है, जब ग्राम उरेटा, गुरामी एवं बगईकोन्हा के कुल 15 लोग संगठित होकर जंगल में शिकार के लिए पहुंचे थे। आरोपियों ने पहले कुत्तों की मदद से जंगली सूअर एवं जंगली बिल्ली को खदेड़ा, फिर एकराय होकर लकड़ी के डंडों से पीट-पीटकर दो जंगली सूअर और एक जंगली बिल्ली की निर्मम हत्या कर दी। इसके बाद बांध के पास आग जलाकर जानवरों को भूनकर उनकी खाल अलग की गई और मांस को आपस में बांट लिया गया। इसी दौरान वन विभाग को अपने बीट गार्ड के माध्यम से सूचना मिली, जिस पर विभाग के आला अधिकारी एवं कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे। कार्रवाई के दौरान शत्रुघ्न हल्वा को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि शेष 14 आरोपी जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। वन विभाग द्वारा घटनास्थल से खून से सनी बोरी, लगभग एक किलो मांस, शिकार में प्रयुक्त हथियार सहित अन्य साक्ष्य जब्त किए गए हैं। जब्त मांस के नमूने को हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा गया है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी हेमलता देव ने बताया कि एक आरोपी की गिरफ्तारी मौके पर की गई है तथा शेष आरोपियों की पहचान कर पतासाजी व गिरफ्तारी की कार्यवाही तेज कर दी गई है। जल्द ही सभी फरार आरोपियों को पकड़ने का दावा विभाग ने किया है। वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शिकार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## आनंदपुर में राज्य स्तरीय ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ



**गुरूर।** क्रिकेट क्लब आनंदपुर, ग्रामवासी आनंदपुर एवं पुरूर द्वारा स्व. आत्माराम रामटेके की स्मृति में माता मौली ट्राफी राज्य स्तरीय ओपन किके्रट प्रतियोगिता का आयोजन 28 जनवरी से किया गया है। जिसका समापन 1 फरवरी को होगा।

जिसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत पुरूर तेजराम साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू, थाना प्रभारी गुरूर मनीश शेन्डे, अध्यक्ष तहसील साहू संघ मिथलेश साहू, बीमा सलाहकार रामस्वरूप सिन्हा, उपसरपंच ग्राम पंचायत आनंदपुर मुकेश साहू, पुरूशोत्तम पटेल, सत्येन्द्र साहू, ढालेन्द्र आनंदपुर, देवेन्द्र सोरी, भगवती साहू, महामंत्री भाजपा युवा मंडल पुरूर यदीप साहू, नवाब अली, भूपेन्द्र साहू, नंदू साहू, ओमप्रकाश साहू का सहयोग रहेगा।

## प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

# ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में बालिका सम्मान कार्यक्रम, बेटियों के सशक्तिकरण पर दिया गया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु उपहार भवन द्वारा बालिका सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रिंसिपल नेम सिंह साहू, कुमारी देविका साहू, भूतपूर्व बीआरसी प्रधान पाठक नंदकुमार साहू, कुमारी हिमांशी साहू, ट्यूशन टीचर ब्रह्माकुमारी सरस ब्रह्माकुमारी, परमेश्वरी, षष्ठकृत साहू, सांता साहू, टेसू बीज भंडार चंद्रिका, बहन डिगेश्वरी, बहन कौशल्या तथा नगर के अलग–अलग स्थान से आए हुए बच्चे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैल्यूज गेम के द्वारा किया गया। बच्चे बड़े ही उमंग उत्साह से प्रतियोगिता में भाग लिए विजेता बच्चों का सम्मान किया गया। प्राचार्य नेम सिंह साहू ने कहा यह दिवस बेटियों को सशक्त बनाने के लिए मनाया जाता है, बालिका जीवन मिलना सौभाग्य की बात है, नारी का हर स्वरूप पूजनीय है, वंदनीय है, आज हमारे भारत देश में माता बहनों के नाम पर देवियों को आगे रखा गया है, गौ माता, गीता, गंगा, गायत्री सभी पूजनीय है, आज हर जगह बालिकाओं ने अपना वर्चस्व बनाया है, हेलीकॉप्टर, हवाई जहाज, ट्रेन सभी जगह पर आज बालिकाएं हैं। हिमांशी ने कहा बेटियां घर आंगन की लक्ष्मी है, सावन की रौनक है, परिवार की सम्मान है, सुने घर की खुशियां हैं। देविका ने कहा लड़कियां लड़कों से हर क्षेत्र में आगे हैं, इससे सिद्ध होता है कि आज हमारा समाज जागरूक हो चुका है, उन्हें बराबरी का दर्जा दिया जा रहा है, भरण पोषण में कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी सरस बहन ने कहा आज का दिन नारी को सम्मान और उनके स्वमान की स्मृति दिलाते सशक्त बनाने हेतु यह दिवस पूरा भारतवर्ष में मनाया जाता है, नारी कोमल है, लेकिन कमजोर नहीं, मर्यादा बंधन नहीं हमारी सुरक्षा कवच है, हमें अपने बड़ों का कहना जरूर मानना चाहिए, क्योंकि वह हमारी कल्याण और भलाई के लिए ही हमें नियम और मर्यादा में बांधते है, हमारी भारतीय संस्कृति में बोलचाल, रहन–सहन, पहनावा बहुत ही शक्तिशाली है, आज पाश्चात्य संस्कृति का दिखावा बहुत बढ़ गया है, जिसके कारण दुनिया में अपराध बहुत तेज गति से बढ़ रहा है और इसके पीछे कहीं ना कहीं हम ही जिम्मेवार हैं, क्योंकि हमने मर्यादाओं को पाश्चात्य संस्कृति आवरण बनाकर फैशन का नाम देकर पूरी तरह से तोड़ कर रख दिया है, यही अपराध वृत्ति को जन्म दे रहा है, जिस कारण आज माताएं, बहनें कहीं भी सुरक्षित नहीं है, हमेशा सकारात्मक रहे, कुछ अच्छा कर दिखाने की इतिहास रचने की संकल्पना अपने मन में दृढ़ता पूर्वक संकल्प करें। सभी बच्चों को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया।

## पेज 9 के शेष

### महिला रसोइया रूखमणि ...

महिलाएं हैं, जिनमें से कई ग्रामीण और आदिवासी इलाकों की हैं। महिला रसोइयों का आरोप है कि वे वर्षों से बेहद कम मानदेय पर काम कर रही हैं। न तो उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा मिला है और न ही सामाजिक सुरक्षा की कोई ठोस व्यवस्था की गई है। कई बार ज्ञापन सौंपने और प्रदर्शन करने के बावजूद उनकी मांगों पर अब तक कोई ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है।

### विधायक संगीता ने ...

एवं टोकन की समस्या के कारण सैकड़ो किसान अब तक अपना एक दाना नही बेच पाए है। कई बड़े किसान एक बार धान बेचे है एवं उनका आधा से ज्यादा धान विक्रय से बचा हुआ है। भाजपा सरकार किसानो को लगातार प्रताड़ित कर रही है। पहले खाद की कमी से किसान जूझे। खाद नही मिलने से उत्पादन प्रभावित हुआ। अब बीते ढ़ाई माह से किसान टोकन कटाने व धान विक्रय करने के लिए भटक रहे है। मेरे पास प्रतिदिन दर्जनो किसान आ रहे है। उनका धान नही बिक रहा है। दर्जनो जगह हस्ताक्षेप करने के बाद धान बिका है। संगीता सिन्हा ने कहा सरकार धान खरीदी की तिथि बढ़ाए एवं सभी किसानो का पूरा धान खरीदे।

### कुसुमकसा में ग्राम बनगांव की ...

साहू ग्राम पंचायत सरपंच हरीश चंद ठाकुर ग्राम पटेल लोकेश पुरुषोत्तम गिरी ग्राम प्रमुख उमेश भुअर्य दिन बंधु चुरेंद्र नन्हें लाल नायक सरिता टेकाम संगीता बढ़ाई हेमा साहू सहित ग्राम पंचायत के पंच गण व ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### शैलदेवी कालेज में ..

शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं धर्म-संस्कृति प्रेमी जनों से इस ऐतिहासिक त्रि-दिवसीय आयोजन में सहभागिता कर जगद्गुरु के दिव्य सान्निध्य एवं विद्वानों के ज्ञान-विमर्श से लाभान्वित होने का विनम्र आग्रह करता है।

## खबर संक्षेप



### एकलव्य विद्यालय में चयन की खुशी में कराया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला शास्त्रीनगर (कसही), संकुल डौंडीलोहारा (उत्तर) के छात्र पंकज कुमार सेवता का चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौंडी में होने से शाला परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। यह उपलब्धि छात्र के माता-पिता के लिए अत्यंत गर्व की बात है। अपनी इस खुशी को शाला के अन्य बच्चों के साथ साझा करने के उद्देश्य से छात्र के पिता तुकाराम सेवता एवं माता भुनेश्वरी सेवता द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला शास्त्रीनगर में अध्ययनरत सभी बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर बच्चों में उत्साह और उल्लास देखने को मिला। शाला परिवार की ओर से छात्र पंकज कुमार सेवता को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी गई तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। शिक्षकों ने कहा कि पंकज की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और इससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

### कुथरेल में त्रि-दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आज से



**अंडा।** ग्राम कुथरेल में आगामी 29 जनवरी से त्रि-दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होने जा रहा है। विश्व शांति सेवा धाम एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 'श्रीराम कीर्तन' और 'पार्थिव शिवलिंग निर्माण' का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन के मुख्य आकर्षण मानस मर्मज्ञ कामता प्रसाद केसरी हैं। उनके बारे में मान्यता है कि वे जटिल प्रसंगों को भी अत्यंत सरल और कर्णप्रिय शैली में प्रस्तुत करते हैं। आगामी दिनों में उनके मुखारविंद से भगवान राम के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों पर व्याख्यान दिया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि कथा के लिए विशाल पंडाल तैयार किया गया है और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व पेयजल के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। भंडारे के साथ होगा समापन। इस बहुदिवसीय आयोजन के दौरान प्रतिदिन सामूहिक राम कीर्तन और संध्या काल में मुख्य कथा का आयोजन होगा। आयोजन समिति ने आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को इस धर्म लाभ लेने हेतु आमंत्रित किया है। कार्यक्रम के अंतिम दिन विशाल भंडारे और महाप्रसाद वितरण के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा।

### मकान से जेवरात पार

**भिलाई।** शादी समारोह में शामिल होने गए परिवार की बाइक अज्ञात ने पार कर दिया। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि सिविल कंस्ट्रक्शन काम करने वाले सुपरवाइजर आदम अली 25 जनवरी को अपने पहचान वाले के शादी में शामिल होने विवेकानंद भवन गए थे।

**पर्व**

# बालक विद्यालय डौंडीलोहारा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## राज्य स्तरीय युवा उत्सव प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र बांटे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

- नगर में गूंजे देशभक्ति के नारे, निकली प्रभात फेरी
- शहीदों को नमन के साथ हुई शुरुआत

शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का 77वां समारोह हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लीलेंद्र कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में रेखराम साहू (सदस्य), संदीप भंसाली, पालकगण तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। विद्यालय परिसर में प्रातः 7.15 बजे ध्वजारोहण किया गया। इसके पूर्व भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा विद्यालय के पूर्व छात्र शहीद नारद राम निषाद एवं शहीद किरण देशमुख के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिन्हा ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी, वहीं प्राचार्य वी.के. भंडारी ने शहीद पूर्व छात्रों को नमन करते हुए उनके बलिदान को स्मरण किया।

ध्वजारोहण के पश्चात स्काउट-गाइड, रेड क्रॉस एवं सिविल डिफेंस के छात्र-छात्राओं द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान बस स्टैंड, अंबेडकर मूर्ति, कांग्रेस भवन, राजा पारा चौक, राजभवन, वार्ड क्रमांक 06 एवं टिकरापारा सहित विभिन्न स्थलों पर ध्वजारोहण किया गया। प्रभात फेरी के प्रभारी लोकेश्वर निषाद, हेमंत साहू, सौरभ





शर्मा एवं लवण साहू रहे। विद्यालय प्रांगण में परेड में शामिल विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य को मार्च पास्ट कर सलामी दी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसका संचालन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सुश्री एनुका शार्वा एवं डुप्ले साहू ने किया। वरिष्ठ व्याख्याता एल.के. ठाकुर ने विद्यार्थियों को स्वराज से स्वतंत्रता आंदोलन तक की जानकारी देते हुए शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति भाषण ऑन सोलंकी, चेष्टा डोंगरे, राजस्थानी नृत्य में यामिनी सिन्हा, विद्या, यामिनी देवांगन, समूह नृत्य में वेनिका, गायत्री, गीतू, डोमेश्वरी एवं देवी जस गीत में ऐश्वर्या, कात्यायनी, वेनिका, वेदिका, धनोत्री, आशीष, माधुरी सहित अन्य विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर राज्य स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डी.आर. साहू द्वारा किया गया।

शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सिन्हा, प्राचार्य भंडारी, वरिष्ठ व्याख्याता ठाकुर सहित अन्य अतिथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डी.आर. देशमुख, प्रदीप मेश्राम, संगीता वैदे, पुष्पा नाइक, राकेश कोठारी, वीरेंद्र नायक, आर.एन. योगी, कमल आलेंद्र, अविनाश साहू, भूपेंद्र पटेल, सातों धनकर, वंदना साहू, सूर्योदय मानिकपुरी, कपिल पटेल, शिखा मेश्राम, विमला नायक सहित शिक्षकगण एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों का महत्व पूर्ण योगदान रहा।

## ओडारसकरी में गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण कर मनाया गया

**अंडा।** ग्राम पंचायत ओडारसकरी के पंचायत भवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरपंच अनिल कुमार सोनी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। ग्राम पंचायत ओडारसकरी की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में उपसरपंच, पंचायत सचिव होली लाल जी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## ग्राम पंचायत भेजा मैदानी में सरपंच रुद्राणी नेताम ने किया ध्वजारोहण



**गुरूर।** ग्राम पंचायत भेजा मैदानी में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरपंच रुद्राणी नेताम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं वीर शहीदों के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर समस्त पंचगन एवं वरिष्ठ ग्रामीण जन उपस्थित थे। सरपंच रुद्राणी नेताम ने कहा कि आज 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मैं स्वयं को अत्यंत गौरांन्वित महसूस कर रही हूं यह दिन हमें हमारे संविधान लोकतंत्र और राष्ट्र की अखंडता की याद दिलाता है। आज का दिन उन शहीदों और महान पुरुषों को नमन करने का दिन है जिनके त्याग और बलिदान के कारण हम एक स्वतंत्र भारत में जीवन यापन कर रहे हैं। उप सरपंच देवप्रसाद यादव ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी और देश के लिए शहीद होने वाले जवानों को भी याद करने का दिन है, जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिए उन जवानों को नमन करते हैं। अंत में सभी उपस्थित जनों ने देश की एकता अखंडता समृद्धि के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर पंचगण कौशल गजेंद्र, सुमन साहू, ओमिन साहू, लव कुमार, शालिनी, टुकेश्वरी साहू, इकबाल अली, पुनेश्वरी साहू, शकुंतला साहू, देवकी निषाद, अनीता नागवंशी, रामकुमार नेताम, प्रेमलाल सूर्यवंशी, तोरण भारती, पुनेश्वर साहू, रीवन नेताम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## 77वें गणतंत्र दिवस पर भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ



**बालोद।** 77वे गणतंत्र दिवस पर भारत इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के दौरान ध्वजारोहण कर संस्था के विद्यार्थियों के द्वारा देशभक्ति गीत और नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा संस्था के प्राचार्य डेनियल दीपक मसीह द्वारा भाषण दिया गया।

जिसमें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान तथा आजादी के महत्व को बनाए रखने के लिए कड़ी परिश्रम हेतु प्रेरित किये, कार्यक्रम के दौरान संस्था के सभी शिक्षक, व्यवस्थापक एवं विद्याथएँ मौजूद रहे तथा सभी के मिले जुले सहयोग के साथ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

## छग पेंशनधारी कल्याण संघ ने 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

- अध्यक्ष डॉ. आर.एम. चावड़ा ने किया ध्वजारोहण किया

**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ पेंशन भवन शिकारीपारा बालोद में अध्यक्ष डॉक्टर आरएम चावड़ा एवं वरिष्ठ पेंशनरों की उपस्थिति गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। संघ के अध्यक्ष डॉक्टरआर एम चावड़ा ने भारत माता तैल चित्र की पूजा एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न किया। वरिष्ठ पेंशनर लखन प्रसाद तिवारी एवं आईआर देवांगन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहे। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में मोहनलाल धुर्वे, आरके साहू,



पीएल देशमुख ने देशभक्ति से ओत प्रोत गीत प्रस्तुति दिए। बीआर बेलसर ने संप्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य की व्याख्या करते हुए बताया कि भारत का संविधान लिखित और सबसे विशाल होते हुए भी लचीला है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात संविधान समिति लगभग 60 देश की यात्र कर उसे विभिन्न देश के संविधानों का अध्ययन कर भारत की नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए संविधान बनाया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया। संविधान में हमारे लिए समानता, धार्मिक स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार संस्कृति एवं शिक्षा का अधिकार, विभिन्न मौलिक का अधिकार प्रदान किया है तथा देश की एकता एवं संप्रभुता की रक्षा, राष्ट्रगान –राष्ट्रध्वज का सम्मान, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा के आदि विभिन्न मौलिक कर्तव्य भी निर्धारित किए गए हैं, आज हमें संविधान के मूल तत्वों का याद करते हुए जीवन जीते हुए देश के विकास में हम सबको योगदान देना होगा। कार्यक्रम में ईश्वर नाथ योगी, पुरुषोत्तम देशमुख, सुरेंद्र ताम्रकार, मोहन धुर्वे, चूरामन साहू, यूएस ठाकुर, सीटी रूप राम साहू, जितेंद्र आर्य, राजेंद्र साहू, पंचम धनकर, सुग्रीव राम साहू, कन्हैया लाल कौशिक, ओमकार मिश्रा व पेंशनर उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस





**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में गणतंत्र दिवस पर्व मनाया गया। प्रधानाचार्य, आचार्य एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भारत माता एवं वीर शहीदों के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर जय घोष लगाए गये।

प्रधानाचार्य फलदेव साहू द्वारा अपने उद्बोधन में शहीदों एवं राष्ट्र की महान महापुरुषों को नमन करते हुए उनके बलिदान और संघर्ष को स्मरण करते हुए कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने जो संविधान हमे सौंपा है, उसकी रक्षा करना और उसकी आत्मा को जीवित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, हमारे संविधान और लोकतंत्र की मजबूती का आधार हमारे शहीदों को त्याग और संविधान निर्माता की दूर – ष्टि है, देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के मूल मूल्यों न्याय, समांतर बंधुत्व को आत्मसात करने का आवाह किया। भैया बहनों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बैंड बाजे के साथ भारत माता की जय कारों के साथ गली भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर भैया बहनों द्वारा देश भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें बच्चों को सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संयोजक रमेश कुमार यादव, सरपंच एवं वरिष्ठ नागरिक सहित विद्यालय के आचार्य सूखीत कलिहारी, कामता प्रसाद साहू, दीदी छबिलता पटेल, लिलेश्वरी साहू, रंजना सिन्हा, रेणुका सिन्हा, ईश्वरी ठाकुर, दिव्यानी सेन एवं बाल भारती व शिशु भारती के पदाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका एवं योगदान रही।

## गणतंत्र दिवस पर ग्राम डेंगरापार में मानस गान प्रतियोगिता आयोजन

**बालोद।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम डेंगरापार में आयोजित मानस गान प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी ने किया। विशेष अतिथि ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि जो बात रामायण में है उसे कथा सुनने की बजाय कथा की बातों को जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि माताएं बच्चों को संस्कारवान बनाये। घर में राम को



अवतरित करना हो तो माताओं को कौशल्या बनना पड़ेगा। विधायक ने आगे कहा जीवन को साकार करने रामायण में बताए मार्ग को अपने जीवन में आत्मसात करे। इस अवसर ब्लाक कोषाध्यक्ष जमील बख्श, जिला प्रतिनिधि वैभव साहू, पीलूराम साहू ग्राम के सरपंच सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## टटेंगा स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

- गणतंत्र दिवस पर स्कूल में विविध कार्यक्रमों हुआ

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में गणतंत्र दिवस का पर्व उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य आर. के. देवांगन ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आकर्षक मार्च पास्ट के बाद प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि देश का प्रत्येक नागरिक ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करे तो भारत को विश्व की महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। प्रभात फेरी के पश्चात आयोजित शालेय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व जनपद पंचायत सभापति टूमन साहू, अध्यक्षता सरपंच दीप्ति साहू तथा विशेष अतिथि पंच तोरण साहू, प्रियंका साहू, कृतिका मानिकपुरी एवं गैंदलाल देवांगन उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विशेष कार्यक्रम के रूप में विद्यार्थियों ने बस्तर मोचो गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए टूमन साहू ने शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर



देश सेवा करने एवं विद्यार्थियों को समय प्रबंधन के साथ अध्ययन करने की सीख दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में सरपंच दीप्ति साहू ने कहा कि आज ही के दिन भारत का संविधान लागू हुआ और देश एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भवन में ध्वजारोहण के पश्चात कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें बाल विवाह से होने वाली समस्याओं को प्रभावी रूप से दर्शाया गया। कार्यक्रम को ग्रामवासियों ने सराहा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं की छात्राएं दामिनी साहू एवं सुषमा सुधाकर ने किया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बालोद जिपं के सदस्य महाराष्ट्र के एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना

**बालोद।** जिला पंचायत बालोद के सदस्यगण एक्सपोजर विजिट हेतु जिला पंचायत संसाधन केन्द्र दुर्ग से महाराष्ट्र राज्य के लिए रवाना हुए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं ग्रामीण विकास विभाग के उप संचालक काव्या जैन की उपस्थिति में दुर्ग संभाग के सभी जिलों के जिला पंचायत सदस्यों को एक्सपोजर विजिट हेतु महाराष्ट्र राज्य के लिए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप एवं दिशा-निर्देशन में छत्तीसगढ़ राज्य के जिला पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का 05 दिवसीय अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम 27 जनवरी से 01 फरवरी तक रामभाऊ, म्हालधी प्रबोधिनी संस्था, मुंबई में आयोजित किया गया है। इस अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के तहत महाराष्ट्र राज्य के सुशासन एवं सामाजिक मॉडलों को जिला स्तर के जनप्रतिनिधियों के साथ साझा किया जाएगा।

### शिक्षक के साथ हुई मारपीट

**भिलाई।** विवाद को लेकर समझाने गए शिक्षक के साथ मारपीट हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि जलेबी चौक कैंप 1 भिलाई निवासी शिक्षक संजय सिंह कुशवाहा तितुरडीह स्कूल में पदस्थ है। 25 जनवरी को अपने दोस्त पिंटू और अन्य लोगों के साथ ग्राम एम जामगांव में आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इस दौरान कुछ युवक आपस में विवाद कर रहे थे, तभी संजय सिंह ने समझाकर शांत कराया। रात करीब 11 बजे कार्यक्रम से लौटने के बाद संजय सिंह अपने मित्रों के साथ सुपेला भिलाई स्थित लोहिया पेट्रोल पंप के पीछे संजय नगर मैदान में खड़े थे। तभी रोहित साहू उर्फ पदुम, अजय जोशी, शेखर निर्मलकर पहुंचे और शिक्षक को गाली गलौज कर मारपीट कर दिया। घटना में शिक्षक को गंभीर चोटें आई हैं।

## आयोजन : 123 बच्चों के साथ बैठकर स्वयं भोजन ग्रहण किया

# डिप्टी कलेक्टर प्राची ने बालिकाओं के साथ किया न्योता भोज और जन्मदिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच मानवीय संवेदनाओं की सुंदर मिसाल उस समय देखने को मिली, जब बालोद जिले की डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर दल्लीराजहरा के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला एवं कन्या प्राथमिक शाला चिखलाकसा, संकुल केंद्र चिखलाकसा, विकासखंड डौंडी में न्योता भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात संकुल प्राचार्य पी.के. नायक द्वारा डिप्टी कलेक्टर का स्वागत किया गया।

■ केक काटकर और साथ बैठकर साझा की खुशियां





जन्मदिवस को औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए प्राची ठाकुर ने विद्यालय की बालिकाओं के साथ केक काटकर उत्साह और अपनत्व के साथ यह दिन मनाया। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कलेक्टर ने बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और उनसे आत्मीय संवाद किया। विद्यालय के कुल 123 बच्चों के साथ बैठकर उन्होंने स्वयं भोजन ग्रहण किया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह और आनंद देखने को मिला। भोजन में खीर, पूड़ी, बड़ा, दाल, सब्जी, टमाटर चटनी, चावल, पापड़, सलाद एवं केक शामिल रहा, जिसका सभी बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए आगामी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम का मंच संचालन संकुल समन्वयक वेद प्रकाश यदु (कुंआगोंदी) एवं सुरेंद्र कुमार (चिखलाकसा) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हेमन्त गुप्ता, नीलिमा दत्ता, घसूराम सोरी, महेश बंसोड़े, सीमांचल मुनि, राजेश कुमार भेड़िया, विजयलक्ष्मी सोनी एवं जे. चन्द्रप्रभा बढ़ाई का विशेष योगदान रहा। न्योता भोज के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने यह संदेश दिया कि प्रशासन केवल व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील सहभागिता का भी नाम है। यह आयोजन बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बना, वहीं समाज में सकारात्मक सोच और प्रेरणा का संदेश भी छोड़ गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मानसिक विक्षिप्त महिला को सुरक्षित चिकित्सालय पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक मानसिक विक्षिप्त महिला के बालोद के बस स्टैण्ड में घूमने की जानकारी पर महिला की दयनीय स्थिति को देखते हुए उसकी सूचना

■ बस स्टैंड पर भटकती महिला की दयनीय स्थिति में मिली थी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न को दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव भारती कुलदीप ने हस्तक्षेप करते हुए उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की पहल की। उक्त महिला लंबे समय से सड़क और बस स्टैंड के आसपास भटकती हुई देखी जा रही थी। उसके वस्त्र अस्त-व्यस्त थे तथा वह स्वयं की देखभाल करने में असमर्थ प्रतीत हो रही थी।



सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारती कुलदीप ने मामले की गंभीरता को समझते हुए मानवता के आधार पर निर्णय लेते हुए महिला को जिला अस्पताल बालोद में इलाज हेतु भेजा गया। अस्पताल में महिला का समुचित चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया। प्राथमिक उपचार के दौरान महिला से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया गया, तत्पश्चात महिला ने अपना नाम और अपना पता बताया।

चिकित्सकों की सलाह एवं प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत महिला के दीर्घकालिक उपचार और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उसे शासकीय मानसिक चिकित्सालय, सेन्द्री बिलासपुर में भर्ती कराने हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद से रिफरल आदेश प्राप्त कर एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर महिला को सुरक्षित रूप से चिकित्सालय रवाना किया गया, जहां अब उसका विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जाएगा।

## ओडारसकरी में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने प्रयास तेज

**अंडा।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत ओडारसकरी के 16 वार्डों में गर्मी के मौसम से पहले पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 12 और 13 में सार्वजनिक सिंटेक्स टंकी और नलों की स्थापना कर लोगों तक पानी की आपूर्ति शुरू की जा चुकी है।



सरपंच अनिल सोनी ने बताया कि छह वर्ष पहले इस गांव में पानी की गंभीर समस्या थी और ग्रामीणों को दूर-दूर से हैंडपंप से पानी लाना पड़ता था। समस्या को देखते हुए उन्होंने जनपद विकास निधि और 15वें वित्त आयोग की राशि से सार्वजनिक सिंटेक्स टंकी स्थापित कर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की। सरपंच ने आगे बताया कि केंद्र सरकार के "हर घर नल, हर घर जल" और जलजीवन मिशन के तहत सभी गांवों में पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। लेकिन पीएचई विभाग की लापरवाही के कारण ग्राम पंचायत ओडारसकरी की एक पानी टंकी तीन वर्षों से अधूरी पड़ी है और ठेकेदार भी काम छोड़कर चले गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर गर्मी के मौसम से पहले सभी घरों में पानी की आपूर्ति नहीं शुरू हुई, तो उन्हें सांकेतिक धरना और प्रदर्शन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग पर होगी। सरपंच अनिल सोनी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि पंचायत और स्थानीय नेतृत्व इस समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है।

## ग्राम कजराबांधा में छत्तीसगढ़ी लोककला महोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

ग्राम कजराबांधा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक परंपराओं पर आधारित लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया। उक्त लोककला महोत्सव का शुभारंभ बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि तारणी चंद्राकर एवं जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि हमारी लोककला और संस्कृति छत्तीसगढ़ की आत्मा है। इस तरह के आयोजनों से प्रतिभाओं को नया मंच मिलता है और हमारी आने वाली पीढ़ी भी अपनी जड़ों से जुड़ी रहती है। कजराबांधा में आयोजित यह महोत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार और स्थानीय निकाय लगातार कलाकारों को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहे हैं ताकि छत्तीसगढ़ी लोक विधाएं विश्व पटल पर अपनी पहचान बना सकें। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। शुभारंभ समारोह के बाद महोत्सव में स्थानीय कलाकारों द्वारा पंथी, सुआ, करमा और ददरिया जैसे पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, अध्यक्ष आयोजक समिति परमेश्वर साहू, डॉ उत्तम साहू, तोमेश साहू, संतराम साहू, बसंत साहू, तामेश्वर पटेल सहित आयोजन समिति के सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल सनौद की पहल से जरूरतमंद मरीज को मिला समय पर रक्तदान



**गुरूर।** भाजपा मंडल सनौद के मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन के प्रयास से एक जरूरतमंद मरीज को समय पर ब्लड मिल सका। इस कार्य के लिए सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गजीर की सक्रियता ने कार्य को आसान कर दिया। ग्राम पुरी जिला धमतरी निवासी रामकुमार पिता राम ठाकुर सरकारी अस्पताल में भर्ती है और उनके शरीर में सिर्फ छः ग्राम ब्लड है और उसके लिए बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी, मरीज के परिजन ब्लड के लिए भटक रहे थे, इसकी जानकारी बालोद जिला अंतर्गत भाजपा मंडल सनौद के मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन को हुई, खेमलाल देवांगन ने ग्राम मोहारा निवासी क्षेत्र के जनपद सदस्य डॉ हरिकृष्ण गंजीर को दी। हरिकृष्ण गंजीर ने ग्राम मोहारा निवासी जितेंद्र कुमार साहू से संपर्क कर तुरंत ब्लड देने के लिए डॉ गंजीर के साथ जिला सहकारी अस्पताल धमतरी पहुंचकर ब्लड दिया और मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

डॉ गंजीर ने कहा सबसे पहले मरीज के परिवारों को भी जांच करवरकर अपने परिवार के मरीजों को ब्लड देने की आदत डालें, नहीं मिलने पर तो हम लोग हैं, ब्लड व्यवस्था करवाने के लिए और क्षेत्र के समस्त युवा शक्तियों को जागरुक करते हुए कहा कि रक्तदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहे, रक्तदान देने से शरीर का रक्त बढ़ता है और शरीर स्वस्थ रहता है, युवा साथियों से निवेदन है की जीवन में हमेशा रक्तदान करते रहें और मरीजों की जान बचाते रहे।

## ब्लॉक स्तरीय मां परमेश्वरी महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

ब्लॉक देवांगन समाज डौंडीलोहारा के तत्वावधान में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर ब्लॉक स्तरीय मां परमेश्वरी महोत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन 29 जनवरी, गुरुवार को ग्राम बटेरा (डौंडीलोहारा) स्थित भवन निर्माण स्थल पर किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे से होगा। आयोजन की शुरुआत मां परमेश्वरी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की जाएगी। इसके पश्चात कलश शोभा यात्रा एवं ग्राम भ्रमण, महाआरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भोजन अवकाश तथा सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठ सामाजिक सदस्यों का सम्मान भी किया जाएगा। शाम को आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

■ कलश शोभायात्रा निकाल कर गांव का भ्रमण किया

इस भव्य आयोजन के मुख्यअतिथि चेमन देशमुख (अध्यक्ष, भाजपा जिला बालोद) होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र देवांगन (अध्यक्ष, ब्लॉक देवांगन समाज डौंडीलोहारा) करेंगे। विशेष अतिथियों में देवलाल ठाकुर (प्रदेश प्रवक्ता भाजपा), कांति सोनबरसा (अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडीलोहारा), जयलाल मालोकर, राजाराम तारम, चुन्नी मानकर, लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, कुसुम शर्मा, सुशीला बाई अमरिया, डोमेंद्र देशमुख, महरू राम ठाकुर सहित देवांगन समाज के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहेंगे। आयोजकों द्वारा समस्त स्वजातीय सामाजिक बंधुओं, माताओं-बहनों एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी, किसानों को मिल रहा जल्द भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत संपूर्ण राज्य में किए गए चाक-चौबंद व्यवस्था के फलस्वरूप पूरे राज्य में धान खरीदी का कार्य सुगमता एवं सफलतापूर्वक जारी हो रहा है। राज्य शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना से राज्य के शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित कराने हेतु सभी धान खरीदी केन्द्रों में किए गए बेहतरीन व्यवस्था के फलस्वरूप किसान धान खरीदी केन्द्रों में आसानी से अपनी धान की बिक्री कर रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि मौजूदा खरीफ विपणन वर्ष में राज्य में अब तक 23 लाख 48 हजार किसानों अपने धान की बिक्री कर चूके हैं। इसके साथ ही धान की बिक्री करने वाले किसानों के खाते में 29 हजार 597 करोड़ रूपये के राशि का अंतरण भी किया जा चूका है। धान बिक्री के उपरांत 48 घण्टे के भीतर किसानों के खाते में राशि का अंतरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। आने वाले 03 दिवसों में 01 लाख 50 हजार किसानों के धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर अपनी धान की बिक्री करने की संभावना है। शासन द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आगामी 03 दिनों में 70 हजार से भी अधिक टोकन जारी किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिदिन 22 हजार टोकन भी जारी किया जा रहा है और राज्य में प्रतिदिन 03 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि आज 27 जनवरी तक बालोद जिले के 01 लाख 43 हजार 227 किसानों के द्वारा 67 लाख 80 हजार 381 क्विंटल से अधिक की धान की बिक्री कर ली गई है। इस तरह से जिले में 1609 करोड़ 76 लाख 74 हजार 246 रूपये से अधिक की राशि की धान खरीदी की गई है।

## बागतराई में गंदे पानी की समस्या पर प्रशासन का संज्ञान, स्थायी समाधान की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

जनपद पंचायत गुरुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बागतराई में गांव की गलियों में गंदा पानी जमा होने से ग्रामीण परेशान हैं। पानी की निकासी नहीं होने के कारण गलियां कीचड़ और दुर्गंध से भर गई है। नालियों में जलकुंभी उग जाने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इस स्थिति का सीधा असर ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।



ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर गंदे पानी की निकासी और स्थायी समाधान की मांग की थी। कलेक्टर बालोद द्वारा स्वतः संज्ञान में लेते हुए, जनपद स्तर पर जॉच टीम गठित कर ग्राम पंचायत बागतराई का सर्वे किया गया। सर्वे के उपरान्त पाया गया कि इंदिरा तालाब में गांव के दो तरफ से गंदा पानी तालाब में आ रहा है, पानी निकासी का आउटलेट को ग्रामीणो द्वारा बंद कर दिया गया है, जिसके कारण पानी निकासी का अन्य कोई साधन नही है। सर्वे अधिकारियो द्वारा सर्वे के पश्चात उक्त समस्या के निराकरण के लिए गांव से तालाब में आने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए रिचार्ज पिट, सेंड फिल्टर संरचना निर्माण कर पानी को भूमिगत कराने का कार्य योजना तैयार किया गया। जिससे गंदा पानी तालाब में प्रवेश नही कर पायेगा और भूमिगत जल स्त्रेत वृद्धि का साधन मिल गया। सर्वे के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे के साथ अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके. बागडे, आरएल. सिरमौर, मनरेगा अधिकारी योगेश कुमार देंवागन, सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत बागतरई के ग्रामीण उपस्थित थे।

## मानस मंडलियों ने रामचरितमानस के प्रसंगों का मनमोहक प्रस्तुतीकरण दी

# ग्राम हल्दी में हुई दो दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम हल्दी में दो दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं। उन्होंने अपने संबोधन से उपस्थित जनसमूह को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया।



मुख्य अतिथि तारणी चंद्राकर ने मानस मंच से जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि राम हमारे कण-कण में समाहित हैं। उनके बिना भारत की कल्पना अधूरी है। राम का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और मर्यादा के साथ जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि मानसगान जैसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है। रामायण की चौपाइयां हमें सामाजिक समरसता और प्रेम का पाठ पढ़ाती हैं। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न मानस मंडलियों ने हिस्सा लिया। गायकों ने वाद्य यंत्रें की मधुर धुन पर रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या की, जिससे पूरा हल्दी गांव भक्तिमय हो गया। प्रतियोगिता में दूर-दराज से आई मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति से निर्णायक मंडल और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों और धर्मप्रेमियों की उपस्थिति रही। आयोजन समिति के सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष तथा अन्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस सफल आयोजन के लिए खुशी जाहिर की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से गांव में एकता और भाईचारे का संदेश जाता है। इस अवसर पर सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्यअश्वनी कटहरे, मण्डल अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष नन्द कुमार साहू, भगत बंजारे, थानेश्वर सार्वा, मीरा साहू, ऋषि साहू, योगेश्वर साहू उद्घोषक सहित बड़ी संख्या में मानस प्रेमी जनमानस उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता (दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411